चारी 1 जून, 1966 को राजस्व मंत्री के पटना के दौरे के समय उनसे मिले थे ;

(ख) यदि हां, तो उनकी शिकायतों और मांगों का ब्यौरा क्या है ; और

(ग) सरकार ने किस सीमा तक उनकी मांगें स्वीकार कर ली हैं ?

वित्त मंत्री (श्री शचीन्द्र चौधरी) : (क) जी हां

(ख) केन्द्रीय उत्पादन शुल्क समाहर्ता कार्यालय, पटना के केन्द्रीय उत्पादन शुल्क (अराजपत्रित) कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों ने यह मांग की है कि केन्द्रीय उत्पादन शुल्क के उप-अधीक्षकों की केन्द्रीय उत्पादन शुल्क अधीक्षक, श्रेणी-II के राजपत्रित ग्रेड पर पदोन्नति क्षेत्रानुसार नहीं करते हुए, जैसी इस समय की जाती है, अलग अलग समाहर्ता कार्यालय के अनुसार की जानी चाहिये।

(ग) प्रार्थना पर योग्य विचार किया जायगा ।

निजामसागर जलाशय

3969. **श्री प्रकाशवीर शास्त्री** क्या : सिंचाई और विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या निजामाबाद के निकट आन्ध्र प्रदेश के निजामसागर विशाल जलाशय की गहराई वहां पर रेत आदि भर जाने के कारण काफी कम हो गई है ;

(ख) क्या इसके परिणामस्वरूप सिंचाई व्यवस्था में भी बहुत कठिनाई अनुभव की जा रही है ;

(ग) क्या केन्द्रीय सरकार को भी इस संबंध में कोई ज्ञापन प्राप्त हुआ है ; और

(घ) यदि हां, तो निजामसागर जलाशय से रेत आदि को निकालने के लिये क्या प्रबंध किये गये हैं ?

सिंचाई और विद्युत मंत्री (श्री फखरुद्दीन अहमद) : (क) गाद भर जाने के कारण कुछ हद तक जलाशय की गहराई कम हो गई है।

(ख) जी नहीं।

(ग) जी, नहीं ।

(घ) आन्ध्र प्रदेश अभियंत्रण अनुसंधान प्रयोगशाला इस समस्या का अध्ययन कर रही है और किसी समाधान के मिल जाने पर राज्य सरकार आवश्यक पग उठाएगी। परन्तु जलाशय की क्षमता को बनाए रखने के लिये क्षीण हो गई क्षमता को ठीक ठीक आंकने के पश्चात पूर्ण जलाशय स्तर को ऊंचा करने का विचार है।

Flood Control Schemes in Andhra Pradesh

3970. Shri Kolla Venkaiah: Will the Minister of **Irrigation and Power** be pleased to state:

(a) whether the Government of Andhra Pradesh have prepared any flood control schemes in the light of Expert Committee's Report on flood control in Andhra Pradesh;

(b) if so, the scheme submitted by them;

(c) the cost of each of the flood control schemes submitted;

(d) the grant or aid to be given by the Central Government to such schemes; and

(e) the action taken by the Central Government on the schemes submitted?

The Minister of Irrigation and Power (Shri Fakhruddin Ahmed): (a) The Government of Andhra Pradesh are at present preparing detailed plans and estimates for various flood control and drainage schemes recommended by the Expert Committee on floods in Andhra Pradesh.